राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

क्रमांक– परीक्षा उपाधि/2026/79 दिनांक: 17/3/26

प्रेस विज्ञप्ति

35वें दीक्षान्त समारोह में प्रथम वरीयता प्राप्त छात्र/छात्राओं संबंधी सूचना

राजस्थान विश्वविद्यालय का 35वां दीक्षान्त समारोह दिनांक 25.04.2026 को आयोजित होना प्रस्तावित है इसमें परीक्षा–2024 एवं परीक्षा–2025 के विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक अर्जित कर उत्तीर्ण होने वाले प्रथम वरीयता प्राप्त छात्र/छात्राओं की सूची विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.uniraj.ac.in** पर प्रकाशित कर दी गयी है।

उक्त प्रकाशित सूची में कोई छात्र/छात्रा किसी प्रकार की जानकारी/सुझाव/आपत्ति दर्ज करना चाहता हो तो संबंधित समस्त दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन 07 दिवस के भीतर सहायक कुलसचिव (उपाधि शाखा), कमरा नं. 133, प्रशासनिक भवन, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रस्तुत करे। इस अवधि के पश्चात् कोई भी निवेदन स्वीकार्य नहीं होगा। प्रकाशित सूची में नियमानुसार परिवर्तन की जानकारी तथा दीक्षान्त समारोह के संबंध में समस्त सूचनाओं हेतु परीक्षार्थी विश्वविद्यालय वेबसाईट का निरन्तर अवलोकन करें।

कुलसचिव

क्रमांक– परीक्षा उपाधि/2026/80-89 दिनांक: 17/3/26

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं:–

1. निदेशक/प्राचार्य/विभागाध्यक्ष एवं समस्त सम्बद्ध विभाग/महाविद्यालय, राज.वि.वि., जयपुर।
2. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
3. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राज.वि.वि., जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति वेबसाईट (Hotlink) पर अपलोड करें।
4. जन सम्पर्क अधिकारी, राज.वि.वि., जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति को दैनिक नवज्योति, दैनिक भास्कर एवं राजस्थान पत्रिका के जयपुर एवं दौसा संस्करण के मुख्य समाचार पत्रों में से किन्हीं दो मुख्य समाचार पत्रों में एक बार प्रकाशित करावें।
5. वरिष्ठ निजी सहायक, कुलगुरु/कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
6. उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव (उपाधि), राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

17.03.2026

परीक्षा नियंत्रक